## न्यूज डायरी



### झुकी इमरान सरकार, कृष्ण मंदिर बनाने पर लगी रोक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान की इमरान खान सरकार ने शुक्रवार को मुस्लिम कट्टरपंथियों के फतवे के आगे घुटने टेकते हुए इस्लामाबाद में बनने जा रहे पहले हिंदू मंदिर के निर्माण पर रोक लगा दी है। पाकिस्तान के कैपिटल डिवेलपमेंट अथॉरिटी ने मंदिर बनाने का काम रोक दिया। पाकिस्तान सरकार ने अब मंदिर के संबंध में इस्लामिक आइडियॉलजी काउंसिल से सलाह लेने का फैसला किया है। धार्मिक मामलों के मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि धार्मिक पहलू को देखने के बाद मंदिर को बनाने पर फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इमरान खान अल्पसंख्यकों के पूजा स्थलों के लिए फंड जारी करने पर फैसला लेंगे। मंदिर के निर्माण पर रोक लगाने के बाद उन्होंने यह भी दावा किया कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा की जाएगी। बता दें कि पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में पहला मंदिर बनाए जाने से पहले ही बवाल शुरू हो गया है।

### अमेरिका के साथ वार्ता की अभी कोई योजना नहीं हैः उत्तर कोरिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। उत्तर कोरिया ने शनिवार को दोहराया कि उसकी अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता शुरू करने की अभी कोई योजना नहीं है, खास तौर पर तब तक, जब तक वाशिंगटन उसके प्रति ''शत्रुतापूर्ण'' नीतियों को छोड़ नहीं देता। उत्तर कोरिया की प्रथम उप विदेश मंत्री चोइ सुन हुई का यह बयान तब आया है जब कुछ दिन पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने पत्रकारों से कहा था कि ट्रंप अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन के साथ एक अन्य शिखर सम्मेलन करना चाहते हैं। चोइ के बयान से पहले भी उत्तर कोरिया कई बार कह चुका है कि वह ट्रंप को उनकी विदेश नीति की उपलब्धियों का बखान करने के लिए हाई–प्रोफाइल बैठकों का कोई और तोहफा नहीं देगा जब तक कि उसे बदले में कुछ ठोस नहीं मिलता।

### यूरोपीय संघ ने कहा कि ईरान ने परमाणु समझौता विवाद निवारण प्रक्रिया शुरू की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ब्रसेल्स। यूरोपीय संघ के एक शीर्ष राजनयिक ने कहा कि उन्हें ईरान से एक पत्र प्राप्त हुआ है जिससे उस अंतरराष्ट्रीय समझौते में विवाद निवारण प्रक्रिया शुरू हो गई है जो तेहरान की परमाणु महत्वकांक्षाओं को सीमित करने से संबंधित है। पत्र में चिंता जताई गई है कि ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी अपनी ओर से इस समझौते को नहीं निभा रहे हैं। इस समझौते पर ईरान ने अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, चीन और रूस के साथ 2015 में हस्ताक्षर किए थे लेकिन 2018 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इससे अपने हाथ खींच लिए और उसके बाद से यह समझौता खात्मे की तरफ ही जा रहा है। संयुक्त समग्र कार्रवाई योजना नाम के इस समझौते के समन्वयक और यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने शुक्रवार को कहा कि ईरान के विदेश मंत्री जवाद जरीफ ने पत्र में समझौते के पैराग्राफ 36 में अंकित विवाद निवारण प्रणाली के तहत उपायों की मांग की है।

### दक्षिणी जापान में भारी बारिश से बाढ़, कई लोग लापता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। दक्षिणी जापान में भारी बारिश से शनिवार को बाढ़ आने के साथ ही कई इलाकों में भूस्खलन हुआ, जिससे कई लोग लापता हो गए और अनेक लोग खुद को सुरक्षित निकाले जाने की प्रतीक्षा में घर की छतों पर खड़े नजर आए। रात भर मूसलाधार बारिश होने के बाद कुमामोतो और कागोशीमा के दक्षिणी प्रांतों में 75,000 से ज्यादा निवासियों को इलाका खाली करने को कहा गया। एनएचके टीवी पर दिखाई गई फुटेज में कुमा नदी से निकल रहे मटमैले पानी में कुमामोतो के हितोयोशी के बड़े हिस्से जलमग्न दिख रहे हैं। कई गाड़ियां आधे से ज्यादा डूब गईं। घरों में कीचड़ घुस गया और बाढ़ के पानी में उखड़े हुए पेड़ों के तने नजर आ रहे थे। कई लोग दुकानों की छत पर खुद को सुरक्षित निकाले जाने की प्रतीक्षा में खड़े दिखे।

# प्रधानमंत्री केपी ओली के भविष्य पर फैसला टला

**बैठक**

## नेपाल की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की स्थायी समिति की बैठक टली

■आधिकारिक घोषणा के मुताबिक बैठक सोमवार तक के लिए स्थगित



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काठमांडू। आंतरिक मतभेदों से जूझ रही नेपाल की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की स्थायी समिति की वह बैठक टल गई है जिसमें प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के भविष्य पर फैसला होना था। आधिकारिक घोषणा के मुताबिक बैठक सोमवार तक के लिए स्थगित हुई है। सूत्रों के मुताबिक भारत के खिलाफ लगातार बयानबाजी कर रहे ओली अब अपनी कुर्सी बचाए रखने के लिए पाकिस्तान और चीन की मदद से सत्ता में बने रहने की कोशिश कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ओली के प्रेस सलाहकार सूर्य थापा ने बताया कि लंबित मुद्दों पर सहमति बनाने के लिए नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) के शीर्ष नेताओं को और वक्त की जरूरत है, इसलिए बैठक सोमवार तक के लिए स्थगित की गई है। पार्टी की 45 सदस्यीय स्थायी समिति की अहम बैठक शनिवार को होने वाली थी। एनसीपी के शीर्ष नेताओं ने ओली के भारत विरोधी बयान के चलते उनका इस्तीफा मांगा है।

एनसीपी नेताओं का कहना है कि भारत विरोधी टिप्पणियां 'न तो राजनीतिक रूप से सही हैं और न ही कूटनीतिक लिहाज से उचित हैं।' उधर, ओली ने अपनी ही पार्टी को तोड़ने और विपक्षी पार्टी का साथ लेकर सरकार में बने रहने का प्लान तैयार किया है। इसमें चीन और पाकिस्तान उन्हें खुला सपॉर्ट दे रहे हैं। यह सब आसानी से हो पाए इसके लिए वह कुछ ऐक्ट्स में बदलाव करने वाले हैं।

**केपी ओली के इस्तीफे की मांग उठ रही:** नेपाल में कई दिनों से केपी ओली के इस्तीफे की मांग उठ रही है। बजट सत्र को स्थगित करने के बाद अब केपी ओली एक अध्यादेश लाकर पार्टी को तोड़ सकते हैं। सूत्रों से मिली है कि ओली वहां मुख्य विपक्षी पार्टी नेपाली कांग्रेस के संपर्क में हैं, जिनसे उन्हें सपॉर्ट मिल सके। दरअसल, ओली अध्यादेश लाकर पॉलिटिकल पार्टीज ऐक्ट में बदलाव कर सकते हैं। इससे उन्हें पार्टी को बांटने में आसानी होगी। यह सब चीन और पाकिस्तान के समर्थन से हो रहा है।

नक्शे पर विवाद के बीच ओली भारत के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं। इसके बाद ही पाकिस्तान पीएम इमरान खान ने ओली से संपर्क साधा था। दूसरी तरफ नेपाल में मौजूद चीनी राजदूत भी इसकी कोशिशों में लगे हैं कि ओली को सत्ता में बनाए रखा जा सके। हाल में ओली द्वारा उठाए गए कुछ कदमों के पीछे चीनी राजदूत का रोल अहम बताया जाता है। अगर पार्टी टूटती है तो ओली को अपने समर्थन में 138 सांसद दिखाने होंगे। लेकिन अध्यादेश के बाद उन्हें सिर्फ 30 प्रतिशत सांसद का सपॉर्ट दिखाना होगा। ऐसे में ओली के लिए चीजें आसान होंगी क्योंकि 40 प्रतिशत सांसद उनकी तरफ हैं।

## इजरायल ने बर्बाद किया ईरानी परमाणु ठिकाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। इजरायल और उसके धुर विरोधी ईरान के बीच साइबर अटैक चरम पर है। ताजा घटना में इजरायल ने जोरदार साइबर हमला करके ईरान के परमाणु ठिकानों में दो विस्फोट करा दिए। इनमें से एक यूरेनियम संवर्धन केंद्र है और दूसरा मिसाइल निर्माण केंद्र। यही नहीं इजरायल ने अपने घातक F–35 फाइटर जेट की मदद से ईरान के पर्चिन इलाके में मिसाइल नर्धिाण स्थल पर धावा बोला और उसे बर्बाद कर दिया।

कुवैती अखबार अल जरीदा की रिपोर्ट के मुताबिक यह घटना पिछले सप्ताह हुई। अखबार ने बताया कि इजरायल के साइबर हमले से गुरुवार को ईरान के नतांज परमाणु संवर्धन केंद्र में आग लग गई और जोरदार विस्फोट हुआ। यह पूरा केंद्र जमीन के अंदर बनाया गया है। सूत्रों ने बताया कि इस इजरायली हमले के बाद अब ईरान का परमाणु कार्यक्रम अब दो महीने पीछे चला गया है।

इजरायल ने ईरानी ठिकाने पर धावा बोला और बम गिराए अल जरीदा ने बताया कि पिछले शुक्रवार को इजरायल के एफ–16 स्टील्थ फाइटर जेट ने पर्चिन इलाके में स्थित एक ईरानी ठिकाने पर धावा बोला और कई बम गिराए थे। माना जाता है कि यह मिसाइल उत्पादन केंद्र था। इन दोनों ही हमले की इजरायल ने पुष्टि नहीं की है।



**अमेरिकी नौसेना ने दिया चीन को सख्त संदेश**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टोक्यो। साउथ चीन सी में तनाव, चीन की दादागिरी के जवाब में अमेरिकी नौसेना ने शुरू किया महाभ्यासदक्षिणी चीन सागर में चीन और अमेरिका के बीच तनाव चरम पर है। चीनी ड्रैगन की बढ़ती दादागिरी के खिलाफ अमेरिकी नौसेना अब इस विवादित इलाके में जोरदार युद्धाभ्यास शुरू किया है। अमेरिकी नौसेना ने दुनियाभर में अपने सैन्य ताकत का प्रतीक कहे जाने वाले दो एयरक्राफ्ट कैरियर को दक्षिण चीन सागर में युद्धाभ्यास के लिए भेजा है। अमेरिकी नौसेना दिन और रात दोनों ही समय में युद्धाभ्यास करके चीन को किसी भी दुस्साहस के खिलाफ सख्त संदेश दे रही है। इसी इलाके में इन दिनों की चीन की नौसेना भी महाअभ्यास कर रही है। यूएस नेवी के लेफ्टिनेंट कमांडर शॉन ब्रोफी ने इस बारे में जानकारी दी है।

## कोरोना वायरस की दवा का दो हफ्ते में आ जाएगा पहला रिजल्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जिनेवा। कोरोना वायरस से जूझ रही दुनिया के लिए अच्छी खबर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि कोरोना वायरस के खात्मे के लिए प्रभावी दवा के क्लिनिकल ट्रायल का पहला रिजल्ट दो हफ्ते में आए जाएगा। डब्ल्यूएचओ के निदेशक डॉक्टर टेड्रोस अधनोम ने कहा कि इस परीक्षण के लिए 39 देशों में 5500 मरीजों को स्वैच्छिक रूप से जोड़ा गया है।

डॉक्टर टेड्रोस ने कहा, हम आशा करते हैं कि आने वाले दो सप्ताह के अंदर अंतरिम परिणाम आ जाएंगे। कोरोना वायरस के इलाज के लिए इस ट्रायल को 5 हिस्सों में शुरू किया गया है। इसके तहत रेमडेसिविर, मलेरिया रोधी दवा, एचआईवी की दवा लोपिनविरृरिटोनविर और पदजमत. मितवद के साथ लोपिनविर रिटोनविर का ट्रायल किया जा रहा है। इससे पहले इसी महीने डब्ल्यूएचओ ने HydroÛychloroquine का ट्रायल रोक दिया था लेकिन अभी इस दवा पर और ज्यादा शोध किया जाना बाकी है। इस बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन के आपात संबंधी स्थितियों के प्रमुख ने कहा कि हमें कोरोना वायरस संक्रमण के मौजूदा दौर से लड़ने की जरूरत है न कि इस पर ध्यान देने की कि इस संक्रमण का दूसरा दौर कब आएगा। डॉ. माइकल रयान ने कहा कि अगर लोग कोरोना वायरस के मौजूदा दौर से लड़ने का सबक सीखते हैं तो दूसरे दौर से लड़ने में दुनिया काफी हद तक बेहतर स्थिति में होगी।

**परीक्षण के लिए 5500 मरीजों को जोड़ा गया हैः डब्ल्यूएचओ**

डब्ल्यूएचओ के अधिकारी इस विषाणु से लड़ने में अहम रणनीतियों के तौर पर मास्क पहनने, सामाजिक दूरी का पालन करने और साफ–सफाई रखने के साथ ही संक्रमितों के संपर्क में आए लोगों का पता लगाने पर जोर देते हैं। उनका कहना है कि सरकारों को अपने देशों में बीमारी की स्थिति पर आधारित नीतियों की रूपरेखा बनानी चाहिए।

## सुरक्षा बैठक कर बोला पाक अखंडता बचाने की क्षमता है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन के साथ सैन्य टकराव को लेकर बातचीत की कोशिश के बाद भारत ने कड़ा रुख अपनाना शुरू कर दिया। इसी कड़ी में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लद्दाख जा पहुंचे जहां से उन्होंने बिना नाम लिए चीन को लताड़ डाला। इधर लद्दाख में पीएम ने दौरा किया, उधर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक सुरक्षा बैठक कर डाली। बैठक के बाद बयान जारी कर कहा गया कि पाकिस्तान अपनी संप्रभुता की रक्षा की क्षमता रखता है। पाक की इस बैठक को भारत–चीन सीमा तनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। पाक के पीएम इमरान खान ने इस्लामाबाद में आंतरिक और बाहरी सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को एक उच्च स्तरीय रक्षा बैठक की अध्यक्षता की और देश की संप्रभुता की हर कीमत पर रक्षा करने का संकल्प लिया। एक सरकारी बयान में बताया गया कि बैठक में रक्षा मंत्री परवेज खट्टक, ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी जनरल नदीम रजा और सेना प्रमुख कमर जावेद बाजवा ने हिस्सा लिया।